
सोमवार

23 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


बड़का ढकाईच से चोरी गई अष्टधातु की करोड़ों की मूर्तियां भोजपुर में बरामद 3




## खबरें फटाफट

### व्यवसायी से 5.30 लाख रुपये की लूट

**छपरा।** छपरा तरैया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित यादव टोला में शनिवार को बैंक से रुपये निकासी कर घर लौट रहे एक व्यवसायी से बाइक सवार दो अपराधियों ने पांच लाख 30 हजार लूटकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार शनिवार को अमनौर स्थित एसबीआई बैंक से करीब तीन बजे रुपये निकासी कर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अपने घर पहुचे कि गालेंबर बाइक सवार दो अपराधियों ने रुपये से भरा झोला छीनकर फरार हो गए। अपराधी बैंक से ही अरुण के पीछे लगे हुए थे।

### सोन में दो नावों की टक्कर, कई लापता

**पटना।** बालू खनन प्रतिबंध के बावजूद भी मनेर और बिहटा इलाके में अवैध बालू खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। घटना है मनेर थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा सोन नदी घाट की। रविवार की अहले सुबह दो नावों की टक्कर आमने सामने हो गई। जिसमें एक नाव गोता खाकर सोन नदी में मजदूरों के साथ डूब गई। हालांकि इस घटना में बालू लदी नाव बच गयी। वहीं डूबे नाव पर करीब एक दर्जन मजदूर सवार थे। जोकि सोन नदी में डूबकर लापता हो गए है। ग्रामीणों के अनुसार लापता मजदूर सारण जिले के छपरा के बताए जा रहे है। मनेर थाना क्षेत्र के सुअर मरवा, पतीला, चौरासी और बिहटा इलाके में नाविकों के द्वारा अवैध बालू प्रतिबन्ध के बावजूद की जा रही है।

**समाधान यात्रा:** मुख्यमंत्री ने नवादा में योजनाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

# नवादा के हर घर तक पहुंचेगा गंगाजल, काम तेजी से जारी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 'समाधान यात्रा' के क्रम में नवादा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखंड की भगवानपुर पंचायत में कबीरपुर ग्राम का भ्रमण कर विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। उद्यान निदेशालय द्वारा भगवानपुर ग्राम में लगाई गई प्रदर्शनी, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत आलू और गेहूं की हो रही खेती का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिला बागवनी विकास समिति नवादा, जिला उद्यान कार्यालय नवादा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में जैविक तरीके से उत्पादित मशरूम, पान, केला, पपीता आदि का अवलोकन किया और उत्पादकों से बातचीत की। पॉली हाऊस में हाइड्रोफोनिक फार्मिंग के द्वारा लेट्स / बेसिल की खेती जैविक तरीके से उत्पादित टमाटर, अमरूद, मूली, बैगन आदि के संबंध में मुख्यमंत्री ने उत्पादकों से जानकारी ली। सामुदायिक भवन कबीरपुर में बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित भारती किशोर समूह की बालिकाओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जीविका समूहों की दीदियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 545 लाभान्वित परिवारों हेतु 1 करोड़ 91 लाख रुपये का चेक एवं जीविका दीदियों को सतत जीविकोपार्जन योजना का किट मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने पंचायत भगवानपुर सरकार भवन के समीप समेकित मत्स्य-सह-बत्तख पालन का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। पुस्तकालय एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी उन्होंने मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि अनुदानित दर पर किसानों को दिए जाने वाले कृषि यंत्रों के संबंध में अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हों। धान कुट्टी मशीन को लेकर लोगों को जागरूक करें। इसके द्वारा कुटाई किए गए चावल की गुणवत्ता काफी बेहतर होती है।



### वषापार्त कम होने से बिहार के 9 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित, किसानों को दी जाएगी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी जिलों में जाकर एक-एक चीज को देख रहे हैं। यह देखना जरुरी है कि कहां पर कितना काम हुआ है। गरीब- ब-गुरबा तबके के लोगों के लिए जो काम किया जा रहा है उससे वे लोग और आगे बढ़ेंगे। इस बार वषापार्त कम होने से बिहार के 9 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुये थे। इन इलाकों का हमने एरियल सर्वे किया था और कुछ जगहों पर जाकर हमने देखा भी था। कम वषापार्त के कारण जो किसान खेती नहीं कर पाये थे, उनको जो मदद देनी थी, हमलोगों ने दे दी है। इसके अलावा जो भी उपज हुयी है, उसका प्रोक्योरमेंट का काम भी चल रहा है। आगे और क्या किया जाना है उसको भी देखा जा रहा है। नवादा में गंगाजल पहुंचाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द गंगाजल नवादा के हर घर तक पहुंच जायेगा। इसी साल कुछ ही महीनों में उसे पूरा कर लिया जाएगा। हमने सुझाव दिया है कि गंगाजल को किस रास्ते से ले जाया जाए। गंगाजल पहुंचाने को लेकर काम तेजी से जारी है।

### सरकारी भवनों में बापू के बताए 7 सामाजिक पापों को कराया जाएगा अंकित

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जननायक कपूरी ठाकुर छात्रावास, बुधौल (नवादा) का निरीक्षण किया। छात्रावास प्रांगण में उन्होंने पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी भवनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए सात सामाजिक पापों को अंकित करायें। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, जननायक पुस्तकालय सह डिजिटल अध्ययन केंद्र का मुआयना कर उन्होंने छात्रों से बातचीत की और कमियों को दूर करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जननायक कपूरी ठाकुर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। छात्रावास में दीदी की रसोई का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया और इसका निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दीदी की रसोई को सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों तथा सरकारी छात्रावासों में संचालित किया जाना है, इसे जल्द सभी जगह लागू करायें।

# अब हिंदी में भी उपलब्ध होगी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी, पीएम मोदी ने सराहा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

♦ प्रधानमंत्री ने की मुख्य न्यायाधीश की तारीफ

सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी हिंदी समेत देश की अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध कराने के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की पैरवी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बहुत अच्छा विचार है, जिससे खासतौर पर युवाओं समेत कई लोगों को मदद मिलेगी। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी हिंदी समेत देश की अन्य भाषाओं में मिलने लगेंगी। चंद्रचूड़



शनिवार (22 जनवरी) को मुंबई में काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (बीसीएमजी) के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यहीं पर उन्होंने कोर्ट के फैसलों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए दूसरी भाषाओं में ट्रांसलेट करने के संकेत दिए थे। सीजेआई ने कहा था कि इससे गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी भाषा में फैसलों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने पहले कहा था- कोर्ट पेपरलेस हो, यह भी मेरा मिशन है। सीजेआई के बयान की सराहना करने के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अतीत में न्यायिक फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर आम आदमी के लिए अधिक सुलभ बनाने की भी वकालत की है।

### ज्वेलरी दुकान में लूट की कोशिश, एक धराया

**पटना।** राजधानी के कंकड़बाग थाना इलाके के पीसी कॉलोनी सेक्टर 100 स्थित एक मार्केट के तीसरे तल्ले पर स्थित ग्रह रत्न के दुकान में दिनदहाड़े लूट की कोशिश की गई। लेकिन लुटेरों को कामयाबी नहीं मिली और उन्हें भागना पड़ा। इस दौरान एक लुटेरे को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। बताया गया कि पांच की संख्या में आए हथियारों से लैस अपराधियों ने हत्या और डकैती के इरादे से ग्रह रत्न व्यवसाई जय कुमार के दुकान पर पहुंचे थे। तभी एक लुटेरे ने उनके कनपट्टी पर बंदूक तान रख फायरिंग की लेकिन पिस्टल से गोली नहीं निकली। जिसके बाद दुकान के मालिक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद दुकान के बाहर लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। यह देख चार लुटेरे भाग निकले। पकड़ में आय अपराधी का नाम गोलू बताया जा रहा है।

## पुलिस ने महज डेढ़ घंटे में किडनैपिंग का केस सुलझाया, अपहृत सकुशल बरामद

**केटी न्यूज/भागलपुर**

अपहरण के एक मामले में भागलपुर पुलिस ने महज तत्परता दिखाते महज डेढ़ घंटे में न सिर्फ अपहृत को सकुशल छुड़ाया है, बल्कि अपहरण में शामिल पांच अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर लोग उनके काम की तारीफ भी कर रहे हैं। वहीं अपहृत के परिवार के लोगों ने भी राहत की सांस ली है। यह घटना जीरो माइल सबौर रोड के जावेद गैरेज के पास से घटित हुई है। वहीं अपहृत व्यक्ति की पहचान नवगछिया पकड़ा के जियालाल प्रसाद सिंह के 23 वर्षीय पुत्र सर्वेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अपराह्न 03:45 बजे भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो से कुछ अपराधी घूम रहे हैं, थोड़ी ही देर में पता चला कि एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया है।

शहर की नाकाबंदी कर दी गई। आस-पास के जिलों को सूचित किया गया। तकनिकी कोषांग के सहायता से अपराधियों का पीछा कर स्कोर्पियो सहित चार अपहरणकर्ता एवं एक ड्राईवर को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे प्रकरण में नौगछिया पुलिस की भी मदद ली गई। इस प्रकार पूरे काण्ड का उदभेदन एक घंटा 30 मिनट के अंदर अपहृत व्यक्ति की सही सलामत बरामदगी कर लिया गया। वहीं अभियुक्त के रूप में गौरव कुमार सौरभ कुमार आशीष आनंद उदय कुमार और चालक संजीव सिंह के रूप में हुई है।

## अगर घाटे से उबर चुके हैं तो दाम घटाएं तेल कंपनियां: पेट्रोलियम मंत्री

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम होने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी तेल कंपनियों से पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने की अपील की है। उन्होंने रविवार को कहा- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें नियंत्रण में हैं। तेल कंपनियां भी अब घाटे से उबर चुकी हैं, ऐसे में मेरा अनुरोध है कि कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम कम करें। पुरी ने कुछ राज्यों के वैट नहीं घटाने पर भी निशाना साधा। पुरी ने कहा- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने नवंबर 2021 और मई 2022 में एक्साइज ड्यूटी कम की थी, लेकिन कुछ राज्य सरकारों ने वैट नहीं घटाया। इस वजह से उन राज्यों में अब भी तेल की कीमतें ज्यादा हैं। हरदीप पुरी बनारस में गंगा घाट पर सीएनजी बोट रैली में बोल रहे थे।

इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग होगी। सभी राज्यों के नतीजों का ऐलान 2 मार्च को होगा। जबकि कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में भी इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं।

# जातीय उन्माद व नफरत पर टिकी है राजद की बुनियाद: नेता प्रतिपक्ष

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बिहार सरकार के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता के ताजा बयान जिसमें सवर्णों को निशाना बनाते हुए कहा गया है कि ये '10% वाले तो अंग्रेजों के दलाल थे और मंदिरों में घन्टा बजाते थे' को घोर आपत्तिजनक और विद्वेषतात्मक करार दिया है। इस तरह का बयान देकर मंत्री समाज में सवर्णों व सनातनियों के प्रति नफरत और जहर फैलाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि राजद के बयानवीरों को बताना चाहिए कि आजादी की पहली लड़ाई 'सिपाही



विद्रोह' के नायक मंगल पांडेय और उसके बाद अंग्रेजों को नाकों चने चबवाने वाले वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह कौन थे? क्या अंग्रेजों के खिलाफ जंग लालू यादव के जातीय उन्माद पर लड़ी गई थी? क्या सौ वर्षों की जंग-ए-आजादी में असंख्य आहुतियां देने वाले किसी एक जाति व धर्म के लोग थे?

उन्होंने कहा है कि राजद की बुनियाद ही जातीय उन्माद व नफरत पर टिकी हुई है। चोर दरवाजे से सत्ता हासिल करने वाला राजद का मकसद एक बार फिर से बिहार को जातीय नफरत की आग में झोंकना है। जंगल और गुंडाराज के खलनायक राजद जाति व धर्म के आधार पर वोटरों का ध्रुवीकरण करने का घृणित प्रयास कर रहा है। वहीं, राज्य में व्याप्त अपराध व भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए यह सारा खेल किया व कराया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की शह पर जातीय व धार्मिक आधार पर गोलबंदी के लिए सोची-समझी साजिश के तहत इस तरह के कुत्सित बयान दिए जा रहे हैं।







**बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक में शामिल हुए सीएम योगी, कहा-**

# प्रधानमंत्री मोदी हैं तो मुमकिन, केवल भारत का नारा नहीं...

**एजेंसी/लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि ‘आज मोदी है तो मुमकिन है’ केवल भारत का नारा नहीं, बल्कि वैश्विक मंत्र बन गया है। सीएम योगी ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता और उत्तर प्रदेश के चार शहरों में होने वाली समूह की बैठकों का जिक्र करते हुए कहा, 'हम सब विजेता के भाव से आगे बढ़ें, हमारे पास अनेक संभावनाएं आएंगी।'



सीएम योगी ने 10 से 12 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए कहा, 'पीएम नरेंद्र मोदी के कर कमलों से इसे आगे बढ़ाएंगे। उत्तर प्रदेश नए निवेश के गंतव्य के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। बीजेपी के एक-एक कार्यकर्ता को अपनी टीम के साथ आगे आने की आवश्यकता है।' सीएम योगी ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'दुनिया में जहां भी संकट खड़ा हो रहा है, वहां का हर व्यक्ति उम्मीद से पीएम मोदी की ओर देख रहा है। जो नारा 2019 में लगा था कि ह्यमोदी है तो मुमकिन हैह्न, वह आज केवल भारत का नारा नहीं, बल्कि वैश्विक मंत्र बन गया है। जी-20 की अध्यक्षता इसका उदाहरण है।'

### मौनी अमावस्या के जरिए विपक्षियों पर वार

सीएम योगी ने आगे कहा, 'मोदी जी ने जी-20 के साथ प्रत्येक भारतवासी को जोड़ने का काम किया है। आगरा, लखनऊ, वाराणसी और गौतमबुद्धनगर में जी-20 से संबंधित 11 सम्मेलन होने हैं।' भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश की विरासत का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा, 'कल आपने प्रयागराज में मौनी अमावस्या के स्नान को देखा होगा। दो करोड़ से अधिक श्रद्धालु वहां पहुंचे थे। अगर इस सामथ्?य को पिछली सरकारों ने समझने का प्रयास किया होता और इसे सम्?मान देने का कार्य किया होता तो उन्हें दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़तीं।' सीएम योगी ने कहा कि विरासत को जो भी सम्मान देगा, समृद्धि उसके लिए द्वार खोलेगी और जो भी उसे अपमानित करेगा, उसे दर-दर की ठोकरें खानी पड़ेंगी।

## खबरें फटाफट

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**आरा।** आरा-मोहनियां हाईवे पर भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हिंनगंज के पास रविवार की देर शाम कार और बाइक के बीच टक्कर हो गयी ।उसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा जख्मी हो गया। मृतक बक्सर जिला के नवानगर के 24 वर्षीय युवक प्रदीप कुमार गुप्ता उर्फ बिट्टू कुमार बताया जाता रहा है। जख्मी नावानगर के मनोज प्रसाद का 36 वर्षीय पुत्र विंध्याचल शर्मा है। हादसे के बाद कार सवार लोग गाड़ी छोड़ कर भाग गये। बाद में थानाध्यक्ष विलास पसवान ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कोआरा सदर अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गाड़ी नम्बर से मालिक का पता लगाया जा रहा है।

### विवाद में फायरिंग, कट्टा व गोली बरामद

**आरा।** जगदीशपुर थाना के हरदियां गांव में दो युवको के बीच विवाद के बाद फायरिंग कर दी गयी। हालांकि उसमें किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक कट्टा और गोली बरामद किया है। थानाध्यक्ष विलास पासवान ने बताया कि हरदियां की एक युवती का फोटो रूपबांध के युवक द्वारा अपने मोबाइल में रखा गया था। ऊसको लेकर दोनों में विवाद होने पर रूपवांध के युवक द्वारा हरदियां पहुंच कर फायरिंग कर दी गयी। उससे आक्रोशित लोगों ने युवक से कट्टा और एक कारतुस छीन लिया। हांलांकि आरोपित युवक भागने में सफल रहा।

### न्याय की मांग को लेकर गकिया प्रदर्शन

**सासाराम।** जिले में गरीबों के साथ रहम करो, आवास हमारा मत छीनों के नारे के साथ जिले के डालमियानगर में रविवार को मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें पीड़ित परिवार के सैकड़ों, महिला, पुरूष, वृद्ध और बच्चे शामिल हुए है। सभी बेघर होने से बचाने के लिए सरकार से गुहार लगा रहे थे। डालमियानगर चावल मार्केट दुर्गा मंदिर से हाथों में मशाल लिए जुलूस की शक्ल में सैकड़ों लोग डी टाइप, एकता चौक, गोसाई जी की गुमटी, रोहतास क्लब, पोस्ट ऑफिस, जनरल ऑफिस होते हुए पुनः चावल मार्केट पहुंचे जहां प्रदर्शन समाप्त हुआ, जहां वक्ताओं ने अपनी बात रखी। जुलूस में शामिल वार्ड पार्षद रितेश कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1984 से रोहतास उद्योग बंद पड़ा है। क्वार्टर में रहने वाले कर्मचारी अपने अधूरे कार्यकाल करने के बाद गरीबी व लाचारी के कारण प्राण त्याग दिए। किंतु उनके परिजन इस आस में बैठे हैं कि आगे चलकर इस आशियाना को न्यायपालिका के जरिए उचित न्याय मिल जाएगा। लेकिन आजइन गरीब परिवारों के सर से छत भी छीन रहा है।

# गर्भावस्था तथा प्रसव की गंभीर स्थितियों में बच्चा हो सकता है मानसिक दिव्यांग

**केटी न्यूज/गया**

मानसिक स्वास्थ्य एक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति जन्म से या जन्म के बाद मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से घिर सकता है। कई बार बच्चों के जन्म के पश्चात उसके बढ़ने पर उसकी मानसिक दिव्यांगता का पता चल पाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार मानसिक दिव्यांगता के कई कारण होते हैं, जो सीधा गर्भकाल और प्रसव से जुड़ा होता है। मानसिक दिव्यांगता आंशिक से अति गंभीर तक हो सकती है और यह सब गर्भावस्था, प्रसव तथा प्रसव के बाद की स्थितियों पर निर्भर करता है। मानसिक दिव्यांगता कि शिकार ?बच्चे शारीरिक रूप से भी कमजोर होते हैं। बच्चों में मानसिक दिव्यांगता

❒ मानसिक दिव्यांगता का बड़ा कारण न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर भी

को कई श्रेणियों में बांटा गया है। कई बार न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के कारण भी मानसिक दिव्यांगता आती है। इनमें सेलेब्रल पाल्सी तथा ऑटिज्म भी शामिल हैं।

जिला में कई ऐसे बच्चे हैं जो विभिन्न प्रकार की मानसिक दिव्यांगता के शिकार हैं। जिला में सेलेब्रल पाल्सी के लगभग 710 बच्चे हैं। जबकि ऑटिज्म के दो बच्चे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे शारीरिक रूप से भी संतुलित नहीं होते हैं। ऐसे बच्चे अन्य बच्चों की तुलना में बैठना, घुटनों के बल चलना या पैरों



पर खड़े होने और बोलने जैसे कार्य देरी से सीखते हैं या एक सामान्य बच्चों की तुलना में वे खुद पर निर्भर नहीं रह पाते हैं। उनका अनुकूल व्यवहार नहीं होता है तथा सामाजिक नियमों को सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। भावनात्मक तथा व्यवहार संबंधी गड़बड़िया देखने को मिलती है. मानसिक दिव्यांग बच्चों के शारीरिक रूप से विकास में देरी होती है।

### गर्भावस्था से जुड़ा है मानसिक दिव्यांगता के कारण

अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ इंटेलेक्चुअल एंड डेवलपमेंट डिसेबिलिटीज की रिपोर्ट के अनुसार इसके कई कारण होते हैं जिनमें एक बड़ा कारण गुणसूत्र संबंधी विकार है। इसके अलावा आनुवांशिक विकार, गर्भावस्था के पहले तीन माह में भ्रूण के मस्तिष्क के विकास को क्षति, रूबेला, जर्मन मीजल्स, हर्पीज, सिफलिस, ट्यूबरक्लोसिस जैसी बीमारियों के कारण भ्रूण में संक्रमण, गर्भावस्था के पहले महीने में हानिकारक दवाईयां लेना, गर्भवती को दौरा पड़ना, गिरना या दुर्घटनाग्रस्त होना कई ऐसे कारण होते हैं जो मानसिक मंदता या दिव्यांगता को जन्म दे सकते हैं।

### प्रसव के दौरान या प्रसव के बाद भी होती है समस्या

मानसिक दिव्यांगता के कारणों में प्रसव के दौरान या प्रसव के बाद की स्थिति भी शामिल है। समय से पूर्व जन्म लेने वाले प्री-मैच्योर बच्चे भी मानसिक दिव्यांग हो सकते हैं। जन्म के बाद तत्काल सांस नहीं ले पाना, नवजात शिशु के सिर में विभिन्न कारणों से रक्तस्राव, तीव्र पीलिया, भ्रूण के चारो ओर नाभिनाल का लिपटा होना, भ्रूण की असामान्य स्थिति जैसे कई कारण शिशु को मानसिक दिव्यांग बनाते हैं। वहीं बच्चों में कुपोषण, मैनिन्जाइटिस या एनसेफलाइटिस मानसिक मंदता या दिव्यांगता का कारण बन सकता है।

### मानसिक विकार पैदा होने के कई कारण

मनोरोग चिकित्सक डॉ दीपशिखा काव्या के मुताबिक मानसिक विकार पैदा होने के कई कारण होते हैं। इनमें सर दर्द होना, नींद में परेशानी होना, मन उदास रहना या बहुत अधिक गुस्सा आना, आत्महत्या के विचार, घुटन महसूस करना जैसे लक्षण अमूमन देखने को मिलता है। मानसिक रूप से परेशान रहने पर बच्चों में आत्मविश्वास खत्म हो जाता है। याददाश्त की कमी होती है और भूख व नींद बहुत अधिक रहता है। बच्चों में बहुत अधिक उत्तेजना या चचंलता, स्थिर रहकर पढ़ाई या काम नहीं कर पाना, बहुत अधिक खुशी का इजहार, लगातार बोलते रहना, घबड़ाहट, बेचैनी के दौरे आना, अकेले में रहना या अकेले होने पर



बहुत अधिक घबराना आदि भी लक्षणों को गौर करने की जरूरत होती है। बच्चों में मानसिक रूप से परेशान रहने पर एक ही चीज को बार-बार दोहराने की आदत भी पड़ जाती है। किशोरों में नशापान करना भी मानसिक विकारों को जन्म देता है।

## बालू ढुलाई में चोरी रोकने के लिए सरकार ने उठाए नए कदम

# बढ़ी सख्ती: गाड़ी के फिटनेस सर्टिफिकेट और जीपीएस के बिना नहीं कटेगा चालान

■ ठेकेदारों को घाटों की बंदोबस्ती से पूर्व बालू की ढुलाई के लिए वाहनों पर लगाना होगा जीपीएस

**केटी न्यूज/रोहतास**



सरकार के निर्देश पर खान एवं भू-तत्व विभाग ने ठेकेदारों के लिए बालू ढुलाई के नियम और सख्त कर दिए हैं। नई व्यवस्था में जिन ठेकेदारों को बालू घाटों की बंदोबस्ती मिलेगी उन्हें बालू की ढुलाई के पूर्व अपने सभी वाहनों पर जीपीएस लगाना होगा। इसके साथ ही संबंधित वाहनों पर लोड शेल उपकरण भी अनिवार्य रूप से लगाना होगा। विभाग के सूत्रों ने बताया सड़क परिवहन उच्च मार्ग मंत्रालय के निर्देश पर बालू ढुलाई वाले वाहनों पर जीपीएस लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जीपीएस लगे वाहनों की मुख्यालय स्तर पर ट्रैकिंग की व्यवस्था रहेगी।

इस व्यवस्था के प्रभावी होने से जहां यह पता करना आसान होगा कि बालू लदे ट्रक या ट्रैक्टर का गंतव्य क्या है। वहीं यह भी पता किया जा सकेगा कि बालू की अवैध ढुलाई तो नहीं हो रही है, लेकिन इस नियमावली को लेकर बालू के ठेकेदार सकते में है उन लोगों का मानना है कि परिवहन विभाग का कार्य बालू के ठेकेदार क्यों करें हमें तो खनन कर बालू बेचने का लाइसेंस मिला है। जो वाहन हमारे पास आएगा उसको चालान देंगे, उसका फिटनेस देखना तो परिवहन विभाग का काम है। ऐसी स्थिति रही तो बालू मे लगी पूंजी भी निकाल पाना मुश्किल होगा। वही जिला खनन पदाधिकारी कुमार कार्तिकेय ने बताया कि घाट वाले लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार के निर्देश का पालन करना चाहिए।

**फिटनेस चेक करना परिवहन विभाग का काम :** बालू के घाट संचालक को अब परिवहन का भी कार्य करना होगा। तभी तो सरकार ने बालू धुलाई में लगने वाले वाहनों पर फिटनेस देखने की बात की है। घाट वालों का कहना है कि वाहनों का फिटनेस चेक करना परिवहन विभाग का काम है हमारे पास जो भी वाहन आती है उसको चालान देकर भार क्षमता के अनुरूप बालू देना है । अब तो चालान पर जैसे ही नंबर ट्रक का डाला जाएगा सहारा डिटेल्स सामने होगा अगर ट्रक अनफिट हुआ तो उसको चालान नहीं देना है ऐसी स्थिति में समय तो बर्बाद होगा ही साथ ही साथ चालान देकर बालू बेचना टेढ़ी खीर बनते जा रहा है राज्य सरकार के सख्त निर्देश के बाद बिहार के ट्रक वाले भी अन्य राज्यों मैं जाकर व्यवसाय शुरू करने लगे है।

**चालान काटने के लिए ट्रक नंबर डालने पर सारे डिटेल्स रहेंगे सामने :** जिला खनन पदाधिकारी कुमार कार्तिकेय ने बताया कि चोरी रोकने के नियत से सरकार के निर्देश पर खनन विभाग के चालान को परिवहन विभाग से लिंक कर दिए गए हैं। जैसे ही ट्रक नंबर चालान काटने के लिए डाले जाएंगे उनके सारे डिटेल्स सामने रहेंगे। उनको कितना वजन लेकर चलना है सरकार से जो अनुमति मिली है उसी अनुरूप ही बालू लोड किए जाएंगे। पहले चक्का के अनुसार चालान काटे जाते थे अब परिवहन विभाग के दिशा निर्देश पर ही चालान काटे जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि पिछले वर्ष से अन्य प्रदेश के लिए चालान सरकार द्वारा बंद किए गए हैं जैसा निर्देश मिलेगा उस अनुरूप कार्य किया जाएगा।

### कई वाहन मालिक हो जाएंगे ढुलाई से वंचित

पहले बालू घाट संचालन करने वाले लोगों को खनन विभाग से चालान का जो कोड मिलता था। गाड़ी के चक्का के अनुरूप चालान काट दिए जाते थे। अब तो परिवहन विभाग से लिंक करने के बाद भार क्षमता भी चालान पर अंकित हो जाएंगे साथ हीं साथ वाहन के फिटनेस नहीं रहने पर चलान हीं नहीं कटेगा। जिस तरह के नियम कानून सरकार के आए हैं। उससे बालू बेचना घाट संचालकों के लिए टेढ़ी खीर लग रहा है। पहले तो बिहार से बाहर उत्तर प्रदेश भी बालू जाया करता था अब वह भी बंद हो गया। रोहतास एवं अन्य जिलों से आने वाले वाहन के फिटनेस क्या है यह तो परिवहन विभाग के पास भी है। बहुत संचालक सेकंड हैंड गाड़ी लेकर किसी तरह व्यवसाय कर रहे हैं। उनके कोई ना कोई कागजात गड़बड़ है। ऐसे लोग अब बालू में अपनी गाड़ी नहीं चला सकते।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, ग्रामीणों ने पकड़ मंदिर में कराई दोनों की शादी

**जहानाबाद।** जिले में रविवार को एक अजीब घटना हुई। जिसमें प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने गांव के बधार में पकड़ कर लिया। जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में ग्रामीणों ने गांव के ही विष्णु मंदिर में एक दूसरे की शादी करा दी। मामला रतनी प्रखंड क्षेत्र के चिकसौरा गांव की है।

जिले के टेकारी प्रखंड के पंचानपुर गांव निवासी विकाश कुमार 15 दिनों पूर्व रतनी प्रखंड के महदीपुर गांव में सर्कस दिखाने आया हुआ था। जहां कर्तव्य दिखने के दौरान चिकसौरा गांव निवासी गुड़िया से प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों एक दूसरे को चाहने लगे और साथ जीने मारने का प्रण कर लिया। शनिवार को प्रेमी अपने प्रेमिका से मिलने उसके गांव आया जहां ग्रामीणों ने दोनों को गांव के बधार में एक साथ पकड़ लिया और दोनो को सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में गांव के विष्णु भगवान के मंदिर में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार शादी करा दी। शादी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों कि माने तो जब दोनों को पकड़ा तो उन्होंने बताया कि वो एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं और एक दूसरे साथ शादी करना चाहते हैं। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों खुशहाल जीवन जी सकें इसे लेकर उनकी शादी करा दी। फिलहाल शादी कराने के बाद लोगों ने लड़का और लड़की दोनों के एक साथ उसके घर पंचानपुर भेज दिया है।

## भोजपुर में मारपीट के दौरान हार्ट अटैक से दुकानदार की मौत, हंगामा और तोड़फोड़

**केटी न्यूज/आरा**

♦ मौके पर पहुंची पुलिस से भी लोगों ने की नोंकझोंक, मची अफरातफरी

जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार में रविवार को मारपीट के दौरान हार्ट अटैक से एक दुकानदार का मौत हो गयी। मृतक सरैया बाजार निवासी स्व. मोती लाल चौरसिया के पुत्र वंकटेश प्रसाद चौरसिया उर्फ लंबोदर थे। उसके बाद

परिजन आक्रोशित हो उठे और एक मेडिकल दुकान में तोड़फोड़ करने लगे। दुकान के संचालक और उसके पुत्र को पकड़ कर ले जा रहे थे। इसी दौरान पहुंची पुलिस के साथ भी आक्रोशित लोगों द्वारा धक्का-मुक्की की गयी। उससे अफरातफरी मच गयी। बाद में आरा से अतरिक्त बल के अलावा नजदीकी बड़हरा थाना और सिन्हा ओपी की पुलिस बुला कर स्थित को शांत कराया गया। बताया जा रहा है कि मृत दुकानदार के पुत्र के साथ पैसों का लेनदेन था।

रविवार की शाम अपने बकाया पैसा मांगने शनि कुमार मृतक के बेटे के पास दुकान पर गया था। वहां तू-तू मैं-मैं होने के साथ दोनो पक्षों में मारपीट होने लगी। उसी दौरान देख दुकानदार मूर्क्षित हो जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद दुकानदार के परिजन कुमार मेडिकल दुकान के पास पहुचे और मारपीट करने लगे। मेडिकल हॉल में जमकर तोड़फोड़ भी की गयी। सुचना मिलने पर बाद पहुंची पुलिस के साथ भी आक्रोशित लोग हाथापाई करने लगे। उससे बाजार में कुछ देर के लिए भगदड और अफरातफरी मच गयी। घटना में पुलिस से बंदूक छीनने और लौटने की चर्चा जोरों पर है।

## बुजुर्ग लालमुनि देवी ने सुनाई अपनी व्यथा, नहीं मिल रही सरकारी मदद

# बेटा-बहु छोड़े देले, मुखिया-पार्षदों भी ना देख रहेले, का करियो..!

● ठंड में जीविका का कोई संसाधन नहीं, बेच रहीं हैं कंद-मूल व फल

**शिकोह अलबदर/गया**

का करियो..बेटा ना देखा हवा... पुतहियो ना पूछा हवा..मुखिया पार्षद कोई ना मदद करअ हथुन..का करिओ..अकेले अपन पेट पालित हियो..बाजार से एही सब खरीद के बेचित हियो..आखिर पेटवा भरे के चाही ना..! ना बेचबो ता का खइबई..सब अपने से करे पड़आ हई..हमरा देखेवाला कोई ना हो..कोनो मदद ना मिलित हो..ई ठंडा में कईसे रहबो..भगवाने मालिक हथुन..!



कंद मूल की बिक्री करतीं लालमुनि देवी

यह कहते हुए लालमुनि देवी के चेहरे पर एक दर्द उभरता दिखाई पड़ता है, लेकिन इस दर्द को छुपा वह मुस्कुरा देती हैं। इस मुस्कुराहट में लालमुनि की जिंदगी का संघर्ष साफ दिखता है और उसे जीने का एक जज्बा भी। लालमुनि देवी की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो रही है। उम्र का असर शरीर पर दिखता है। शारीरिक कमजोरी के बावजूद वह कंद-मूल व फलों को बेच किसी तरह अपना गुजारा करती हैं। सरकारी मदद से वंचित हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाली चार सौ रुपये की पेंशन उनके खाते में कभी आती है तो कभी नहीं आती।

**स्वयं कर रही हैं अपना गुजारा:** लालमुनि देवी आमस प्रखंड के अहुरी पंचायत की मलियाचक की रहने वाली हैं। पति काफी समय पहले चल बसे. तब से बच्चों को अकेले पाला पोसा। लेकिन अब उनका बेटा उनकी देखभाल नहीं करता। उन्हें मुखिया या पार्षद से भी कोई मदद नहीं मिलती। उन्हें अपना गुजारा खुद करना होता है। ठंड के इस समय में भी उन्हें अपना किसी तरह पेट पालना पड़ रहा है।

वह बताती हैं कि अपना पेट पालने के लिए कम दाम में देहाती फल खरीदती हैं उसे जीटी रोड के किनारे हमजापुर चौराहे पर आकर बेचती हैं। इस ठंड में उनके पास संसाधनों की कमी है। ठंड से बचाव के लिए सिर्फ कुछ कपड़ों व पुराने कंबल का सहारा है। तापमान में लगातार गिरावट उनके लिए चिंता का विषय है।

**प्रशासन से मदद की उम्मीद:** वह बताती हैं कि उनके पास जीवन जीने के दूसरे संसाधन नहीं हैं। उन्हें कोई निश्चित रकम नहीं मिल पाता। स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। घर में खाने पीने की कमी तो रहती ही है। बड़ी मु?श्किल से चावल आटा की व्यवस्था कर पाती हैं। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आने वाले दिनों में कोई मदद मिल पायेगी या फिर कोई जनप्रतिनिधि आगे बढ़ कर उनके जीविकोपार्जन की व्यवस्था कर सके।

## एक नजर

### ब्रह्मपुर कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र में लगा रोजगार मेला, 200 युवाओं का हुआ चयन



**ब्रह्मपुर।** नियोजनालय बक्सर द्वारा जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में चल रहे कुशल युवा प्रशिक्षण केंद्र परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ प्रियंका कुमारी, जिला कौशल प्रबंधक उत्पल कुमार एवं समाजसेवी शक्ति राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि संचालन युवा नेता दीपक यादव ने किया। मौके पर आयोजित रोजगार मेला की सराहना करते हुए सीओ ने कहा कि बेरोजगारी के इस दौर में युवाओं के पास रोजगार देने के लिए कंपनियां आई है, यह एक सकारात्मक आयोजन है। सीओ ने कहा कि ऐसा आयोजन पहली बार प्रखंड स्तर पर देखने को मिल रहा है, जो सराहनीय है। युवाओं को इसका भरपूर लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के युवा लाभान्वित होंगे। जिला कौशल प्रबंधक उत्पल कुमार ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से आज युवा अपने आपको समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं तथा उन्होंने आग्रह भी किया कि वैसे ही हुआ जो अभी तक कौशल विकास से जुड़कर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण नहीं लिए हैं उन्हें अपने कैरियर को संवारने के लिए शीघ्र केवाईपी का कोर्स करना चाहिए। समाजसेवी शक्ति राय ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जाने वाला यह कोर्स युवाओं को कुशल एवं नेतृत्वकर्ता बना रहा है। युवा इस कार्यक्रम से आसानी से जुड़ कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड फार्मासिस्ट आईटी अप्रेंटिस टेक्निकल समेत अन्य कई क्षेत्रों में लगभग 200 युवाओं ने रोजगार प्राप्त किया विदित हो कि यह युवा बक्सर पटना सहित देश के कई राज्यों में अपनी सेवा देंगे। कार्यक्रम के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन गोल्डेन पांडेय ने किया। मौके पर संतोष राय, मृत्युंजय रंजन, रविकांत कुमार, सत्येंद्र कुमार, सुशील ठाकुर, राज किशोर सिंह, मिथिलेश कुमार, सुशील कुमार, अनिल कुमार, प्रीति राय, सोनाली कुमारी, रूबी कुमारी, अंजली कुमारी, कृति पाठक, कशिश समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट में अव्वल आए विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**जहानाबाद।** चित्रांश युवा संभाग के द्वारा विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट परीक्षा का आयोजन विगत 8 जनवरी को किया गया था। परीक्षा में शामिल चित्रांश एवं चित्रांशी का परीक्षा परिणाम रविवार को स्थानीय महिला थाना स्थित प्रगति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में घोषित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे मखदुमपुर थानाध्यक्ष रविभूषण श्रीवास्तव के द्वारा अव्वल विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं श्री चित्रगुप्त सेवा संघ संरक्षक उमा प्रसाद, रमेश प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, महासचिव रमेश कुमार सिन्हा, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष बिंदुभूषण सिन्हा, रामौतार प्रसाद, सुबोध अम्बर के द्वारा अव्वल चित्रांश एवं चित्रांशी को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट परीक्षा में पहले पायदान पर अनामिका सिन्हा, आदित्य सिन्हा एवं अमन राज रहे, वहीं दूसरे पायदान पर चित्रांशी साक्षी प्रिया,किरण कुमारी, कुमार प्रत्युश रहे, तीसरे पायदान पर निकिता सिन्हा, शिवानी कर्ण एवं नैन्सी सिन्हा रही। कार्यक्रम आयोजन से पहले चित्रगुप्त जी महाराज का आरती मंगल किया गया। जिसमें मखदुमपुर थानाध्यक्ष सहित, संघ के पदाधिकारी गण मौजूद थे। सम्मान समारोह में मंच संचालन करते हुए रितेश सिन्हा ने सभी अव्वल विद्यार्थियों के नाम की घोषणा की। सम्मान समारोह में उपस्थित रामबिंदु सिन्हा, सुरेश प्रसाद,रमेश प्रसाद, दिलीप सिन्हा,अंजनी प्रसाद, मुकेश कुमार, पवन कुमार, चित्रा सिन्हा, राधा सिन्हा सोमलता सहाय, चितरंजन सिन्हा के अलावे परीक्षा आयुक्त नितिश सिन्हा उपस्थित रहे।

### विद्यालय से भागने के दौरान छात्रा जख्मी

**जहानाबाद।** एक निजी विद्यालय के छात्रावास से भाग रही छात्रा छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा में आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना टेहटा ओपी क्षेत्र के सरथुआ गांव में संचालित एक निजी विद्यालय का है। इस घटना में छात्रा दाहिना पैर टूट गया। घायल छात्रा एरकी गांव निवासी 9वर्षीय लवली कुमारी बतायी जाती है। छात्रा की मां ने बताया कि वह आवासीय निजी विद्यालय में रह कर पढ़ाई करती थी। आज उसका भाई उससे मिलने स्कूल गया था जहां वह भी घर आने की जिद करने लगी। भाई ने समझा बुझाकर उसे स्कूल की छात्रावास में ही रहने की बात कह कर वह विद्यालय से चला गया। छात्रा की मां ने स्कूल के एक शिक्षिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालय के एक शिक्षिका उसके साथ मारपिटाई कर दी। जिसके बाद छात्रा छात्रावास से भागने लगी इसी क्रम में वह छत से नीचे गिर गयी।

## खबरें फटाफट

### सीपीआई नेता के निधन पर शोक सभा

**केसठ।** प्रखंड के केसठ गांव निवासी सीपीआई नेता कामरेड मदन सिंह निधन रविवार को सुबह हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से कम्युनिस्ट आंदोलन को गहरा आघात पहुंचा है। वे एक सक्रिय नेता थे। मौके पर जितेंद्र सिंह, अशोक प्रसाद, यमुना प्रसाद, शिक्षक विक्रमा सिंह, ललन राम, उमाकांत दुबे, लाल साहेब सिंह, पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह अंचल सचिव (मुखिया) मुख्तार अंसारी, ललन प्रसाद सहित अन्य लोग लोगों ने दु:ख व्यक्त किया।

### मेगा ब्लॉक के कारण डेढ़ घंटे ट्रेन परिचालन बाधित

**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के रेल पथ अभियंत्रण महकमा बक्सर क्षेत्राधिकार के भदौरा तथा गहमर स्टेशनों के बीच मेगा ब्लॉक लेकर रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस कार्य कराए जाने को लेकर डाउन रुट का ट्रेनों परिचालन डेढ़ घंटे तक बाधित रहा। जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। डीडीयू-पटना रेल खंड पर ट्रेनों की गति सीमा बढ़ाने की कवायद को लेकर आप तथा डाउन में रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसको लेकर डेढ़ से 2 घंटे का मेगा ब्लॉक अपराहन 3 बजे से 4:30 बजे तक लेकर बीसीएम और सीएसएम मशीनों द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है। जिसके चलते ट्रेनों को अन्य स्टेशनों पर खड़ी कर दिया जा रहा है। मेंटेनेंस कार्य के चलते डाउन ब्रह्मपुत्र मेल और इंदौर राजेंद्र नगर एक्स. दिलदारनगर स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 पर खड़ी रही, कोटा पटना एक्स. और मेमो पैसेंजर दरौली स्टेशनों पर खड़ी रही जिसके चलते ट्रेनों में सवार यात्रियों के साथ-साथ स्टेशन पर इन ट्रेनों की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

## चोरों ने ठाकुरबाड़ी से चुराई थी भगवान श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान समेत सात मूर्तियां

# बड़का ढकाईच से चोरी गई अष्टधातु की करोड़ों की मूर्तियां भोजपुर में बरामद, भाग रहा चोर गिरफ्तार

- कोईलवर के पास पुलिस को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मिली सफलता
- विरोध में ग्रामीणों ने किया था एनएच 922 को जाम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार की रात चोरों ने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाईच स्थित ठाकुरबाड़ी से अष्टधातु की करोड़ो रूपए मूल्य की मूर्तियां चुरा ली थी। मूर्तियों को चुराने के बाद चोर उसे ऊंची कीमत पर बेच मोटा मुनाफा कमाने की नियत से लेकर छपरा की ओर जा रहे थे। लेकिन उनका संयोग खराब थी। मूर्तियों को लेकर स्वीफ्ट डिजायर कार से जा रहा एक चोर सुबह में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कोईलवर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। कोईलवर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। इधर सुबह में पूजा करने आए ग्रामीणों ने गर्भगृह में रखी राम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियों को गायब पाया तो चोरी की बात समझ में आई। देखते ही देखते जंगल की आग की तरह यह खबर पूरे गांव में फैल गई। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को देने के साथ ही ढकाईच गांव के सामने एनएच 922 को जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण मूर्तियों को तत्काल बरामद करने के साथ ही चोरों को पकड़ने तथा मंदिर की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे।

मौके पर एएसपी राज, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंची। स्थिति बिगड़ने की आशंका में बीएमपी जवानों को भी तैनात किया गया था। दोपहर तक पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन ग्रामीण मूर्तियों की बरामदगी तथा चोरों की गिरफ्तारी के बिना सड़क से हटने को तैयार नहीं हो रहे थे। इसी दौरान एएसपी राज को सूचना मिली कि ढकाईच से चोरी हुई सातों मूर्तियों के साथ एक चोर को कोईलवर पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से चोरी गई चारों मूर्तियों के अलावे एक कट्टा व केमिकल बरामद किया गया है। एएसपी द्वारा ग्रामीणों को जब इसकी सूचना दी गई तो ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। तत्काल सड़क जाम हटा तथा भगवान श्रीराम व हनुमान के जयकारे लगाते हुए ग्रामीण अपने घर लौट गए। चोरी गई मूर्तियों के 24 घंटे के अंदर बरामद होने से ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीण इसे भगवान की कृपा बता रहे थे।

**घटना के बाद पहुंची एसएफएल की टीम :** ठाकुरबाड़ी से मूर्तियों के चोरी होने की घटना को स्थानीय पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया था। तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही पुलिस ने सूक्ष्मता से जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलवाया था। एसपी के कहने पर मुख्यालय से एसएफल की टीम मौके पर पहुंच अपने स्तर से साक्ष्य इकट्ठा भी की। लेकिन तबतक मूर्तियों के बरामद होने की की सूचना भी आ गई।


घटना के बाद टायर जलाकर सड़क जाम करते अक्रोशित लोग

### चेंकिंग अभियान देख वाहन से उतर कर भागे 5-6 अपराधी

भोजपुर पुलिस की मानें तो वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कोईलवर पुलिस छपरा जाने वाली मनभावन पुल पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। सुबह करीब पांच बजे पुलिस जहां वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी वहां से थोड़ी दूर पहले पांच-छह लोग एक स्वीफ्ट डिजायर कार को रोक उसमें से भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर एक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य भागने में सफल रहे।

पुलिस गिरफ्त में आया मूर्ति चोर मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टेंगराहा नया टोला का दिल कुमार पिता राज मंगल महतो है। उसे पकड़ने के बाद पुलिस उसके पूरे गिरोह को गिरफ्तार करने के लिए कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो भोजपुर तथा बक्सर पुलिस की संयुक्त टीम पूरे गिरोह को पकड़ने का प्रयास कर रही है। उसके साथ चार पांच अन्य चोर भी थे। जो पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहे है। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से सात मूर्तियां, एक देशी कट्टा, बेहोश करने वाला लिक्विड, एक मोबाईल फोन आदि मिला। मूर्तियों के संबंध में विशेष जानकारी के लिए भोजपुर पुलिस पुरातत्व विभाग से जांच करवाएगी।

### दूसरी बार भी कोईलवर से ही मिली मूर्तियां

यह दूसरा मौका है जब बड़का ढकाईच ठाकुरबाड़ी से मूर्तियों की चोरी हुई है। लेकिन अजीब संयोग भी है कि दोनों बार यहां की मूर्तियां कोईलवर से ही बरामद भी हुई है। बता दें कि वर्ष 2011 में यहां के पुजारी भुवनेश्वर दूबे की निर्मम हत्या कर चोर मूर्तियों को ले भागे थे। कुछ दिनों के बाद पुलिस ने कोईलवर के पास से चोरी गई मूर्तियों को बरामद किया था। वही 12 वर्ष बाद एक बार फिर से मूर्तियों की चोरी के बाद कोईलवर से ही मूर्तियां बरामद हुई है। इस बार चोर भी पकड़ा गया है। जिससे एक दशक पूर्व हुए पुजारी भुवनेश्वर दूबे के मौत की गुत्थी सुलझने का कयास भी लगाया जा रहा है।

### ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र है ठाकुरबाड़ी

बड़का ढकाईच गांव से पूरब घने बागीचे में स्थित ठाकुरबाड़ी सैकड़ों वर्ष पुराना है। यहां स्थापित राम, जानकी, लक्ष्मण तथा वीर हनुमान की मूर्तियां अष्टधातु की बनी है। बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रूपए है। प्राचीन मंदिर होने के कारण ग्रामीणों की गहरी आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई है। मूर्तियों की चोरी कर चोरों ने उनके आस्था पर प्रहार किया था। यही कारण है कि मूर्तियों की चोरी की बात सुन ग्रामीण काफी उग्र हो गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्राचीन व दुर्लभ मूर्तियों वाले मंदिरों की सुरक्षा के प्रति उदासीन है। ग्रामीणों द्वारा फोरलेन जाम किए जाने से परिचालन व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी।

### घटनाक्रम एक नजर


घटना के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी


भोजपुर के कोईलवर से बरामद चोरी गई मूर्तियां


ग्रामीणों से बातचीत करते एएसपी

बड़का ढकाईच ठाकुरबाड़ी से चोरी गई मूर्तियों को भोजपुर पुलिस ने कोईलवर के पास से बरामद कर लिया है। एक चोर भी पकड़ा गया है। पुलिस पूरे गिरोह को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। जल्दी ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। *- राज, एएसपी, डुमरांव*

## आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने लगाई गंगा में छलांग, बची जान

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के सती घाट पर रविवार की सुबह अजीब वाकया हुआ। एक महिला रोते हुए गंगा में जा कूदी। पीछे-पीछे उसका 11-12 वर्ष का पुत्र भी रोते हुए दौड़ा आ रहा था। जब उसने मां को गंगा में कूदते देखा तो वह मदद के लिए चिल्लाने लगा। घाट पर कुछ और लोग भी स्नान कर रहे थे। उन्होंने आवाज सुनी तो मदद को दौड़े और उसे बाहर निकाला गया। लेकिन, वह महिला पुनः कूद गई। यह क्रम तीन-चार बार चला। परेशान लोगों ने उसे घेर लिया और इसका कारण पूछने लगे। उसने रोते हुए बताया वह तीन बच्चों की मां है। दो पुत्र व एक पुत्री।



दो घर पर हैं एक पीछे-पीछे यहां तक आ गया है। पति दिल्ली में मेहनत-मजदूरी करते हैं। यहां घर में सास-ससुर बीमार हैं। अन्य दयाद मदद नहीं कर रहे। वह बहुत ही कष्ट में है और घर चलाना मुश्किल हो गया है। उसकी कोई मदद करने वाला नहीं है। इस लिए वह ऐसा कर रही है। लोग उसे घंटो समझाते रहे लेकिन, वहां से हटने को तैयार नहीं थी। अंत में पत्रकारों को कुछ लोगों ने मदद के लिए फोन किया। पत्रकार पांडेय ने महिला थाने को सूचना दी। वहां से आई टीम और थाने ले गई।

### नशे की हालत में तीन युवक गिरफ्तार

**नावानगर।** शराब पीकर हंगामा करना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शराबियों में सोनवर्षा निवासी कृष्णा माली, छोटक तुरहा एवं बाली निवासी सोनू पासवान है। इसकी जानकारी देते हुए सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि स्थानीय बाजार में शराब पीकर तीन लोग हंगामा मचा रहे हैं। सूचना पर गश्ती दल को भेजा गया। गश्ती दल ने चिन्हित स्थान पर पहुंचकर हंगामा करते तीनों शराबियों को धर दबोचा। साथ ही नावानगर सीएचसी में सभी का मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच में अल्कोहल सेवन की पुष्टि होने पर तीनों को जेल भेज दिया गया।

## सीएसपी संचालक लूटकांड के तीसरे आरोपी ने किया सरेंडर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र स्थित फोरलेन सड़क पर चौकिया गांव के समीप हुए सीएसपी संचालक से 5 लाख 80 हजार रुपये की लूट मामले के तीसरे आरोपी ने पुलिस दबिश के कारण कोर्ट में सरेंडर किया है। जिसकी पहचान अकालूपुर गांव निवासी मुन्ना यादव के पुत्र पप्पू यादव के रूप में हुई है। इसकी पुष्टि करते एएसपी राज ने बताया कि पुलिस वारदात में शामिल शातिर को रिमांड में लेने की तैयारी शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि सीएसपी संचालक उमाशंकर सिंह पिछले दिनों डुमरांव बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से पांच लाख 80 हजार की राशि निकासी कर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर चौकियां गांव के पास लूट की घटना को अंजाम दिया था, जिसे पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी थी, जिनके पास से एक लाख 45 हजार की राशि बरामद हुई थी। पकड़े गये शातिरों की पहचान डुमरांव के नथुनी के बाग निवासी भरत कुमार यादव और छठिया पोखरा के रहने वाला विश्वास माली के रूप में हुई थी। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इस अपराध में शामिल तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीम छापेमारी कर रही थी। पुलिस दबिश के कारण आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

## 26 को ट्रैक्टर रैली निकालेंगे चौसा के आंदोलनकारी किसान


बैटक में शामिल किसान

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा के आंदोलनकारी किसानों द्वारा 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली निकालने का निर्णय लिया गया। यह ट्रैक्टर रैली बनारपुर से निकल बक्सर समाहरणालय तक जाएगा। रविवार को आंदोलनकारी किसानों की बैठक बनारपुर खेल मैदान में आयोजित हुई। जिसमें इस ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बता दें कि किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा 26 जनवरी को देशभर में किसानों की समस्या पर ट्रैक्टर रैली निकाली जा रही है। हाल ही में राकेश टिकैत चौसा आए थे। उनके निर्देश पर ही चौसा के आंदोलनकारी किसान टैक्टर रैली निकाल रहे है।

यह ट्रैक्टर रैली प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले निकाली जाएगी। चौसा में प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले रविवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। पंचायत भवन बनारपुर पर चल रहे उक्त धरना की अध्यक्षता बैजनाथ साह तथा मंच संचालन का मेराज खान ने की। रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अखलाख अहमद, पूर्व सांसद तेजनारायन सिंह, किसान यूनियन के दिनेश सिंह, केदार यादव, पूर्व जिप सदस्य बुचिया देवी आदि धरनास्थल पर पहुंचकर किसान मजदूर नौजवानों को उन लोगो द्वारा अपना अपना विचार विचार व्यक्त किया. सभी वक्ताओं ने प्रशासन द्वारा कराये गये फर्जी मुकदमों पर नाराजगी व्यक्त की। किसानों से पूर्व मंत्री अखलाख अहमद ने कहा कि आप लोगों की सभी मांगे उचित है, जो लड़ेगा वही जीतेगा। किसान नेता राकेश टिकैट की उपस्थिति में आपकी आंदोलन को ऊर्जा मिली है। प्रशासन और सरकार से जो भी बात होगी गणतंत्र दिवस के बाद ही होगी। सत्य बाधित हो सकता है पराजित नहीं होता। आप सबकी लड़ाई में हम सब हर तरह से साथ है। पूर्व सांसद तेजनरायण सिंह ने कहा कि संविधान के तहत इस देश का हरेक व्यक्ति अपनी बात कह सकता है। किसान आंदोलन की बदौलत ही केंद्र सरकार को कृषि कानून वापस लेना पड़ा था। आपके आंदोलन से बिहार के किसानों को नई ऊर्जा मिल रही है। हम सभी किसानों की न्यायोचित मांगों को सरकारें मानने को बाध्य होगी।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी में जुटे आम व खास, रंग बिरंगे परिधानों के साथ बच्चे कर रहे रिहर्सल

# 26 को राज हाई स्कूल के मैदान दिखेगा देशभक्ति का जजबा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- राष्ट्रीय पर्व को लेकर देशभक्ति से ओत प्रोत हैं स्कूली बच्चे

गणतंत्र दिवस को लेकर स्कूल, कॉलेज के साथ आम व खास लोगों में भी उत्साह बना है। खासकर स्कूली बच्चे राष्ट्रीय पर्व देशभक्ति से ओतप्रोत होकर रंगारंग कार्यक्रम और देशभक्ति नाटक में हिस्सेदारी निभायेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम दौर में है। समारोह को आकर्षण बनाने के लिए निजी व सरकारी स्कूलों सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं फूल ड्रेस रिहर्सल करने में जी-जान से लगे है। गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण स्थानीय राज हाइस्कूल का खेल मैदान होगा, जहां विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। खेल मैदान को सजाने-संवारने का काम नगर परिषद प्रशासन ने शुरू कर दी है। मैदान की साफ-सफाई भी नप के जिम्में है।

इसको लेकर नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने हाई स्कूल खेल मैदान का जायजा लिया। इस खेल मैदान में ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी जायेगी। राष्ट्रीय पर्व को लेकर स्कूली बच्चों के बीच खासे उत्साह बना हुआ है। बच्चें राष्ट्रगान, राष्ट्रीय नारो के साथ भाषण, नृत्य आदि का अभ्यास देर शाम तक करने में जुटे है। शिक्षक भी बच्चों की तैयारी में अपना योगदान दे रहे है। सुमित्रा महिला कॉलेज की एनसीसी की छात्राएं समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल कर रही है। प्राचार्य डॉ शोभा सिंह के निर्देशन के बाद छात्राएं राष्ट्रीय गायन और देशभक्ति नाटकों की प्रस्तुति करेंगी। कैंब्रिज स्कूल, राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल सहित कई अन्य संस्थाएं स्वतंत्रता दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति करेंगे, जिसमें प्रतिभागी अपने कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही देशभक्ति झांकियों की प्रस्तुति की जायेगी।


परेड का रिहर्सल करती एनसीसी की कैडेट्स छात्राएं

### दो दशक से तिरंगा बना रहा मुस्लिम परिवार

राष्ट्रीय त्योहार आते ही एक मुस्लिम परिवार में गजब का उत्साह देखने को मिलता है। पूरा परिवार दो माह पहले से ही तिरंगे झंडे के निर्माण में जुट जाता है। शहर के ईश्वर सिंह की गली में रहने वाला मुस्लिम परिवार दो दशकों से गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा झंडा बनाते आ रहा है। राष्ट्रीय त्योहारों पर तिरंगे की सिलाई करना इनकी फितरत में शामिल है। मरहूम नन्हक मंसूरी के पुत्र शमीम मंसूरी कहते है कि तिरंगे को अनुपात में सिलाई करना मेरे अब्बा और अम्मीजान से मिला तब से मैं इन त्योहारों पर झंडे की सिलाई करते है। पेशे से दर्जी शमीम के तिरंगे के प्रति जोश, जज्बा व जुनून देख कर आम लोगों का उत्साह भी दोगुना हो जाता है।

## खबरें फटाफट

### हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**बलिया।** शनिवार की शाम सड़क हादसे में दो लोगों कि मौत हो गई। जबकि एक की हालत बहुत गंभीर। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के रतसर रिश्तेदारी से घर रात नव बजे तीन लोग अपने बाइक से आ ही रहे थे। अचानक पटपर दीघा के पास उनकी बाइक का अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गया। जिसमें खरसरा निवासी बिपिन खरवार, अक्षय उर्फ सोनू खरवार, सुनील खरवार उम्र का एक्सीडेंट हो गया। जिसको प्रशासन की मदद से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बिपिन और अक्षय की मौत हो गयी। जबकि सुनील की हालात अभी भी गंभीर है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के घर चोरी

**मऊ।** रतनपुरा कस्बा में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के घर में चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी शनिवार के दिन हुई। बताया जाता है कि रामकरण इंटर कॉलेज भीमपुरा के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य का आवास रतनपुरा कस्बा में है। परंतु वे पिछले 1 महीने से अपने परिवार के साथ लखनऊ में रह रहे हैं। जिसकी जानकारी चोरों को थी। शातिर चोरों ने चारदीवारी के जरिए छत पर चढ़ गए और सीढ़ी का दरवाजा तोड़कर के अंदर घुस गए। दो कमरों में घुसकर के कई बक्सों को खंगाल डाला। क्योंकि गृह स्वामी श्री राम सिंह अपने रतनपुरा आवास में ताला जड़ करके लखनऊ स्थित अपने निजी आवास में रह रहे हैं।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री की मनाई गयी पुण्यतिथि

**बलिया।** रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में सोबईबांध स्थित वृंदावन स्मृति परिसर में छोटे लोहिया का जीरा बस्ती स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उन्हें नमन किया। उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ चौबे की धर्मपत्नी चन्द्रिका चतुर्वेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया। मौके पर दो मिनट मौन रहकर गतात्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# श्रीमद्भागवत श्रीकृष्ण के मुख की वाणी, सुनने पर पापों से मिलती है मुक्तिः महाराज

- रविवार को भक्ति सागर में डूबा रहा गाजीपुर, भक्तों ने निकाली कलश यात्रा
- सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

केटी न्यूज/गाजीपुर



कलश यात्रा निकालते भक्त

मरदह जागोपुर गांव में रविवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस यज्ञ मंडप स्थापना, जल लेकर कलश यात्रा निकाली गई। नगर बस्ती गांव बाजार के सभी छोटे बड़े मंदिरों से होते हुए यज्ञ मंडप तक पहुंची। जिसके बाद मुख्य वक्ता परम पूज्य दिव्यांशु जी महाराज विधि विधान पूर्वक भूमि करायी। जिसके बाद सांयकाल सतसंग उन्होंने कहा कि विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकाले तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा भगवान श्रीकृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ-साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। कलयुग में भागवत कथा का बहुत बड़ा महत्व है। इस मौके पर रामानंद यादव, रामवृक्ष यादव, रामकिशुन यादव, त्रिलोकी यादव, रमई यादव, चौथी यादव, जयराम यादव, रामखरख यादव, दुब्बर यादव, कंगलू यादव, गोरखनाथ यादव, वकील यादव, अमरनाथ, बाबूलाल, वकील आदि मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा को लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा



**गाजीपुर।** शहीद स्मारक इंटर कॉलेज के प्रांगण में 22 से 30 जनवरी तक नौ दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा और रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रथम दिन रविवार को क्षेत्र के शिवभक्तों द्वारा बाजार में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। नौ दिवसीय श्री शिव महपुराण का प्रवचन उज्जैन मध्यप्रदेश के कथावाचक राष्ट्रीय संत श्री मुकेशानंदपुरी जी महाराज है। कार्यक्रम के संयोजक प्रचीन शिव मठ मंदिर कुसुम्हीकला के महंत बबलू गिरी जी ने देते हुए बताया कि शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। क्षेत्र की भक्तजन कथा श्रवण व रसास्वादन के लिए समय से पधारें।

## पठान टोली स्थित मां काली मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस



**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर बहादुरगंज के उत्तर टोंस नदी के तट पर वार्ड नंबर 10 पठान टोली स्थित अति प्राचीन मां काली मंदिर है। मां काली मंदिर का 24वां स्थापना दिवस रविवार को देर शाम धूमधाम से और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन मां काली मंदिर आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। मां काली मंदिर पर हजारों की संख्या श्रद्धालुओं का दोपहर बाद से भीड़ उमड़ रही थी। इस मंदिर का आज के दिन महात्म्य बढ़ गया। बता दें स्थापना के दिन नगर व दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र एवं दूसरे जनपदों से श्रद्धालु मां के दरबार में आते हैं। मां का दर्शन पूजन करके निहाल होते हैं। मन्नतें पूरी होने के चलते यहां दर्शन- पूजन का क्रम काफी बढ़ गया है।

### उसरी चट्टी कांडः एडीजी के निर्देश पर मुख्तार अंसारी समेत 5 पर हत्या का एफआईआर

# 22 साल की लड़ी लम्बी लड़ाई, सीएम और डीजीपी को भी भेजा था प्रार्थना पत्र

- मृतक बक्सर निवासी मनोज राय के पिता ने हिम्मत जुटाई और पुलिस को दी तहरीर
- पिता बोले मेरे बेटे की कराई हत्या अब जगी इंसाफ की उम्मीद

केटी न्यूज/गाजीपुर



21 साल पूर्व जनपद के चर्चित उसरी चट्टी कांड में अब नया मोड़ आ गया है। जिसे जानने के बाद सभी चकित हैं। उक्त गोलीकांड में मारे गए मनोज राय के पिता की तहरीर पर मुख्तार अंसारी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारों की मानें तो मनोज के पिता शैलेन्द्र कुमार राय ने कुछ दिनों पहले सीएम, डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर को प्रार्थना पत्र देकर अपने बेटे मनोज की मौत के लिए मुख्तार अंसारी को आरोपी बताया था। जिसके बाद शासन के आदेश पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ मुहम्मदाबाद कोतवाली में 20 जनवरी को इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्तार अंसारी पर 20 जनवरी को दर्ज किए गए एफआईआर की पुष्टि करते हुए मुहम्मदाबाद कोतवाल अशोक मिश्र ने बताया कि मनोज राय के पिता की ओर से उनके बेटे मनोज राय की मौत के लिए मुख्तार अंसारी को जिम्मेदार बताया गया है। ऐसे में मुख्तार अंसारी के साथ कुल पांच लोगों पर नामजद एफआईआर मुहम्मदाबाद थाने में दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि उसरी चट्टी में 15 जुलाई 2001 को यूसुफपुर फाटक आवास से मऊ जाने दौरान में तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी पर हमला हुआ था। इसमें मुख्तार को बचाने में गनर समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी और नौ लोग घायल हो गए। हमले में बिहार के बक्सर जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र के सगरांव गांव निवासी मनोज कुमार राय की भी गोली लगने से मौत हो गई थी।

**ठेकेदारी को लेकर मुख्तार से चल रही मनमुटाव :** मृतक के पीड़ित पिता की मानें तो मनोज राय मुख्तार अंसारी के साथ संयुक्त रूप से ठेकेदारी का काम करता था। बाद में वह पृथक रूप से काम करने की मंशा जाहिर किया। मनोज राय ने कुछ ठेके के टेंडर मुख्तार अंसारी से अलग होकर डाल दिए थे। दोनों के बीच ठेकेदारी को लेकर के विवाद हुआ, फिर ठेकेदारी के कामों के बंटवारे को लेकर समझौता भी हुआ। शैलेंद्र राय के अनुसार 13 जुलाई 2001 को मुख्तार अंसारी अपने अन्य चार साथियों के साथ मनोज को घर से लेकर के आए। बाद में मनोज की हत्या कर दी गई। मनोज की हत्या कर सुनियोजित ढंग से मनोज राय की हत्या को उसरी चट्टी गोलीकांड से जोड़ दिया गया था। बक्सर निवासी शैलेंद्र राय ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें मनोज राय का अंतिम संस्कार करने नहीं दिया गया था। बाद में उन्हें फोटो दिखाकर उनके बेटे की शिनाख्त करने को कहा गया था।

### एमपी एमएलए कोर्ट में विचाराधीन था मामला

15 जुलाई 2001 को उसरी चट्टी गोलीकांड में मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला हुआ था। जिसमें वादी मुकदमा मुख्तार अंसारी की ओर से बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह एवं अन्य को नामजद कराया गया था। इस गोलीकांड का मामला गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट में विचाराधीन था। पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस केस के लोअर कोर्ट में विचरण पर स्टे लगा दिया है।

### पिता ने सीएम को लिखी थी चिट्ठी

22 साल बाद मृतक मनोज राय के पिता शैलेंद्र राय ने सीएम और डीजीपी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने मुख्तार पर ही बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। शैलेंद्र राय ने साक्ष्य पेश किए हैं और साथ ही मुख्तार के गुर्गों पर घर आकर धमकाने का आरोप भी लगाया है। एडीजी के आदेश मुहम्मदाबाद थाने में केस दर्ज किया गया है।



पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि आईजीआरएस से मिले तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। शैलेंद्र राय की तहरीर पर पुलिस ने मुख्तार अंसारी, उनके चालक सुरेंद्र शर्मा, शाहिद, गौस मोइनुद्दीन और कमाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,148, 149 और 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे इसकी जांच की जाएगी।

## एक नजर

### बालू कारोबारी धर्मेन्द्र यादव की सड़क दुघर्टना में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के देवढिया निवासी 40वर्षीय बालू कारोबारी तडके नगरा बेल्थरा रोड मार्ग पर मोहम्मदपुर मोड़ के समीप सड़क किनारे गड्ढे में घायलावस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें पीएचसी नगरा ले आई, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बालू कारोबारी की मौत से गांव में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दी। देवढिया निवासी 45 वर्षीय बालू कारोबारी धर्मेन्द्र यादव शनिवार की रात में मालीपुर स्थित अपने रिश्तेदारी में निमंत्रण पर गए थे और घर नहीं लौटे। परिजन रात में धर्मेंद्र के मोबाइल पर फोन करते रहे लेकिन मोबाइल रिसीव नहीं किए। रविवार को प्रातः काल नगरा बेल्थरारोड मार्ग पर मोहम्मदपुर के समीप सड़क के किनारे गड्ढे से मोबाइल बजने की आवाज आने पर अज्ञात लोगों का ध्यान उधर गया तो देखा कि बालू कारोबारी मरणासन्न अवस्था में गड्ढे में पड़ा है। ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद परिजन पुलिस को सूचना देने के साथ ही घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अचेतावस्था में पड़े बालू। कारोबारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरा पहुंचाई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कयास लगाया जा रहा है। घर लौटते समय रात को किसी अज्ञात वाहन ने बालू व्यवसाई को धक्का मार दिया। जिससे वो बाइक सहित गड्ढे में गिरकर गम्भीर रूप में घायल हो गया। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बालू कारोबारी की मौत की सूचना पर थाने पर भारी भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिव नारायण वैश ने थाने पहुंचकर जानकारी हासिल की। उधर मृतक का भतीजा शैलेन्द्र यादव हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

### पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान परीक्षा का आयोजन



**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के कृष्णा शिक्षा निकेतन के प्रांगण में रविवार को समाजवाद के पुरोधा जनेश्वर मिश्रा की 13 वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रवि कांत उपाध्याय एवं पूरे विद्यालय परिवार के तरफ से समस्त छात्रों एवं गुरुजनों द्वारा तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके पश्चात जनेश्वर मिश्र प्रतिभा सम्मान परीक्षा का शुभारंभ किया गया। इस प्रतिभा सम्मान परीक्षा में जनपद के लगभग 51 विद्यालयों के होनहार छात्र 1230 की संख्या में प्रतिभाग किए। जिसमें मुख्य रुप से स्वामी सहजानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुर भरौली, सत्या इंटर कॉलेज चितबड़ागांव, शिवा पब्लिक स्कूल आदि के छात्र रहे। विगत कई वर्षों से संचालित प्रतिभा सम्मान परीक्षा जनेश्वर जी की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार कराता रहा है। जिसका उद्देश्य प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत कर उनके अंदर पठन-पाठन के प्रति जुनून पैदा करना है। परीक्षा में पुरस्कार स्वरूप लैपटॉप टेबलेट साइकिल व तमाम सांत्वना पुरस्कार विद्यालय द्वारा दिए जाते हैं। प्रतिभा सम्मान परीक्षा के उपरांत विद्यालय का वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान का आरंभ मुख्य अतिथि ने फीता काट कर उद्घाटन उप क्रीड़ा अधिकारी अजय साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में एथलीट के आइटम 100 मीटर 400 मीटर, 800 मीटर दौड़ हुई। जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया शेष इवेंट कल सम्पादित होंगे।

### दो दिनों में 98 नमूनों की हुई जांच, 12 के रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं



**बलिया।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की फूड सेफ्टी ऑन व्हील से दो दिनों में 98 नमूनों की जांच की गयी। सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट से सम्बंधित को अवगत कराया गया। इसमे 12 नमूनों की रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी। मोबाइल प्रयोशाला वैन शनिवार को पचखोरा, सुखपुरा व कुवर सिंह चौराहा से 16 प्रतिष्ठानों से 50 खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की गयी जिसमे 07 नमूने मानक के अनुरूप नही पाये गये। रविवार मोबाइल वैन से सतीशचन्द्र चौराहा, कदम चौराहा, गुदरी बाजार स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से 48 संग्रहित किये गये जिसमे पांच नमूने मानक के अनुरूप नही पाए गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि मोबाइल प्रयोगशाला वैन से कोई भी व्यक्ति निःशुल्क अपने खाद्य पदार्थो की जांच करवा सकते है।

## ट्रेन की चपेट में आने से जख्मी कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत

**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तमसा नदी रेलवे पुल पार करते समय एक पीडब्ल्यूडी का कर्मचारी कृषक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार हरि कृष्ण सिंह पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह 58 वर्ष महैचा गांव थाना उचका गांव जनपद गोपालगंज बिहार के निवासी थे। जो पीडब्ल्यूडी बलिया में चौकीदार पद पर तैनात थे। मऊ जनपद के भीटी और ब्रिज के नीचे एनएच ऑफिस का कमरा बना था। उसी में रहकर रोज बलिया जा कर नौकरी करते थे। रविवार की सुबह लगभग 11:00 बजे अपने कमरे से तमसा पुल से होते हुए दाढ़ी बनवाने के लिए आ रहे थे। जैसे ही पुल पर चढ़े ही थे कि गोरखपुर की तरफ से आ रही कृषक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। जिसमें चौकीदार का दाहिना हाथ ध्वस्त हो गया। वहीं आते जाते राहगीरों ने खून से लथपथ अवस्था में देखा तो तुरंत 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## रंगदारी मांगने व हत्या की धमकी के आरोप में युवक गिरफ्तार

केटी न्यूज/गाजीपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

सरार्फा कारोबारी को रंगदारी मांगने व हत्या की धमकी के आरोप में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिछले सप्ताह मरदह कस्बा निवासी प्रतिष्ठित सरार्फा अनिल वर्मा एवं उनके पुत्र दुकान में घुसकर गोली मारने की धमकी शातिर अपराधी वशिष्ठ राम को मरदह पुलिस ने तमंचे एवं कारतूस के साथ पुलिस ने पकडा है।

गुप्त सूचना के आधार पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मरदह कस्बा निवासी सरार्फा एवं कपड़े के व्यवसायी अनिल वर्मा की मोबाइल पर फोन करके बसवारी गांव निवासी वशिष्ठ राम ने दुकान में घुसकर पिता-पुत्र को चार दिन के अंदर गोली मारने की धमकी दी थी। धमकी से भयभीत अनिल वर्मा ने सम्बन्धित धारा के तहत वशिष्ठ राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर सहित मुख्यमंत्री को पत्र देकर अपराधी की गिरफ्तारी जानमाल की रक्षा एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की थी। मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने घेराबंदी करके पूर्वाचल एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देशी तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया । आरोपी के खिलाफ सात आपराधिक मामलों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। इसके साथ इसकी गतिविधियों में संलग्न साथियों की पुलिस जांच कर रही है।

### आदित्य की रफ्तार व अमित की तुफानी बल्लेबाजी में उड़ा गाजीपुर एकादश

# अजंता क्रिकेट अकादमी ने गाजीपुर एकादश को 5 विकेट से हराया

**टी-20 गोल्ड कप**

- आदित्य के गेंद की रफ्तार ने गाजीपुर एकादश के रनों पर लगाया ब्रेक, झटके 5 विकेट
- अमित ने 25 गेंदों पर बनाए 53 रन

केटी न्यूज/गाजीपुर



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

आरएसएमआईटी टी-20 गोल्ड कप में अजंता क्रिकेट अकादमी ने गाजीपुर एकादश को 5 विकेट से हरा कर विजेता बना। रविवार को गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा स्वामी सहजानंद पीजी कालेज के जीडीसीए मैदान पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच शुरू होने से पूर्व मुख्य अतिथि डा. विजेंद्र सिंह ने दोनों टीम के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। जिसके बाद गाजीपुर एकदाश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। परन्तु अजंता क्रिकेट अकादमी के कहर बरबाती गेंदों के आगे उनके खिड़ी लाचार नजर आ रहे थे। निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन बना सके। बल्लेबाजी करते हुए गाजीपुर एकदाश की टीम ने संजय यादव के (26 गेंद पर 20 रन) तथा सैफ के 18 गेंद पर 20 रन की सर्वाधिक बनाए। गाजीपुर एकादश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर महज 121 रन ही बना सकी। वहीं अजंता क्रिकेट अकादमी के तरफ से आदित्य कुमार ने सर्वाधिक 5 विकेट तथा आदित्य सिंह ने एक विकेट हासिल किया। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अजंता क्रिकेट अकादमी के तरफ अमित यादव की तुफानी बल्लेबाजी ने खेल मैदान में रनों की सुनामी ला दी। अमित यादव के 25 गेंद पर 53 रनों अर्द्धशतकीय पारी खेली।

वहीं कप्तान अमित सिंह के 23 गेंद पर 26 रनों की बदौलत 13वें ओवर की तीसरी गेंद में ही 5 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर मैच 05 विकेट से जीत लिया। गाजीपुर एकादश के तरफ से सैफ और सतीश राय ने 2-2 विकेट लिया। सर्वाधिक विकेट लेने वाले आदित्य को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। रविवार को हुए मैच में स्मृति संतोष पाठक ने अंपायर तथा यशराज तथा आदर्श स्कोरर की भूमिका निभाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पवन यादव पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष शाश्वत सिंह, सचिव डा.उमेश चन्द्र राय, विनय कुमार सिंह, बरुन अग्रवाल, वैभव सिंह, ज्ञानशील त्रिपाठी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारियों के सीपीसी के पदाधिकारी रंजन सिंह, अश्वनी राय, संजय यादव, समीर राय सहित बड़ी संख्या में खिलाडी उपस्थित थे।